उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 513/2022.....

दिनांक /Date.: 17/06/2022

संवाद–232

विषयः– इण्डिया रिजर्व वाहिनी प्रथम, बैलपडाव, (नैनीताल) में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षण में विशेष कारणों से प्रतिभाग न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त दिवस में अवसर प्रदान किये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी व अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कम में **सेनानायक इंडिया रिजर्व वाहिनी, प्रथम बैलपडाव(नैनीताल)** के पत्रांक–भ–02/2022 दिनांक 11 जून, 2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा **अन्य परीक्षा होने, आवेदन में लिंग परिवर्तन, पूर्व निर्धारित तिथि को चोट लगना या पूर्व निर्धारित तिथि में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से** शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित न हो पाने एवं अग्रिम तिथि प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया जा रहा है।

अतः ऐसे अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण केन्द्र–**इंडिया रिजर्व वाहिनी, प्रथम बैलपडाव(नैनीताल)** में **दिनांक 27.06.2022** को परीक्षा में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक दिनांक 27.06.2022 को आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित तिथियों में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु जो प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं वे उसी प्रवेश पत्र को लेकर संबंधित परीक्षा केन्द्र/स्थान पर पूर्व आंवटित तिथि में प्रतिभाग न कर पाने के कारण सहित यथा आंवटित तिथि को अन्य लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र या चिकित्सक का प्रमाण पत्र** तथा **अन्य समुचित साक्ष्य/प्रमाण** सहित **दिनांक 27.06.2022** को संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आयोग की ओर से,

17/6/22

(संतोष बडोनी)
सचिव।